संतोष शुक्ला व महेश दीक्षित आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# वृद्धाश्रम में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

अमर उजाला

**अतर्रा।** बांदा रोड स्थित वृद्धाश्रम में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। बुजुर्गों ने घर की जगह वृद्धाश्रम में रहने की वजह साझा की। आश्रम की महिला व पुरुषों ने संगीत कार्यक्रम के तहत पूरे दिन की दिनचर्या को पेश की। नरैनी विधायक राजकरण कबीर, एसडीएम सौरभ शुक्ला, क्षेत्राधिकारी आनंद पांडेय, आरटीओ विभाग दिल्ली के रंजीत सिंह ने सभी वृद्धों से हालचाल और परिचय लिया। बुजुर्गों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। संस्था प्रबंधक कंचन सिंह ने सभी का आभार जताया। संस्था निदेशक शिशुपाल, प्रगतिशील किसान विज्ञान शुक्ला, सुरेंद्र कुमार, गोमती, किरण, आरती, रामगोपाल आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया अमृत महोत्सव

**अतर्रा (एसएनबी)।** समाज सेवी संस्था सोसायटी फॉर प्रिवेंशन आफ एल्कोहालिज्म एंड सब्सटेंस ड्रग्स एब्यूज प्रयागराज के तत्वधान में नगर के बांदा रोड स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में आजादी के अमृत महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकरण कबीर विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी अतर्रा व क्षेत्राधिकारी अतर्रा उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



अतर्रा : कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक राजकरन कबीर व मौजूद लोग । फोटो : एसएनबी

कार्यक्रम के प्रारंभ में संवासी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक ग्रह का उद्घाटन करने के बाद क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार पांडे ने कहा कि वृद्ध सेवा आश्रम में आकर मै अभिभूत हो गया। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है जब बड़े बुजुर्गो को परिवार के जरूरत होती है। उस समय परिवार के लोग बड़े बुजुर्गों को सहारा देने से कन्नी काटते है। वही सुख इस बात का है कि संस्था के संचालकों द्वारा वृद्धों के साथ समर्पित भाव से जो सेवा की जाती है। क्षेत्रीय विधायक राजकरन कबीर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन बच्चों को मातापिता बचपन में गोद में खिलाते है और अपना जीवन अर्पण कर देते है। आरआरटीसी अनुग्रह दिल्ली के वरिष्ठ पदाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि वृद्ध आश्रम में वृद्धों की सेवा कैसे की जाए।

संस्था की प्रबंधक कंचन परमारने कहा कि बृद्ध सेवाश्रम में 7 महिलाएं एवं 40 वृद्ध पुरुषों को रहने खाने और उनकी पूरी सेवा का काम किया जाता है। कार्यक्रम निदेशक शिशुपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार व सेवादार किरण यादव, गोमती, लाखन सेन ,रामगोपाल, श्रीमती कमलेश , कुमारी आरती का सराहनीय व विशेष योगदान रहता है। इस बीच उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने वृद्ध आश्रम के रहन सहन व रखरखाव तथा भोजन आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहां सब कुछ बेहतर पाया गया।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़े बुजुर्ग व महिलाओं ने नृत्य एवं सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रगतिशील युवा किसान विज्ञान शुक्ला, रामखेलावन, विकास, महेंद्र, उमाकांत, परमे वरी दयाल, सदानंद सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वृद्ध सेवा आश्रम में मनाया गया आजादी के अमृत महोत्सव का कार्यक्रम

**अतर्रा।** समाज सेवी संस्था सोसायटी फहर प्रिवेंशन आफ एल्कोहालिज्म एंड सब्सटेंस ड्रग्स एब्यूज प्रयागराज के तत्वधान में नगर के बांदा रोड स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में आजादी के अमृत महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकरण कबीर विशिष्ट अतिथि द्वो उप जिलाधिकारी अतर्रा व क्षेत्राधिकारी अतर्रा उपस्थित रहे इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संवासी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक ग्रह का उद्घाटन करने के बाद क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृद्ध सेवा आश्रम में आकर मैं अभिभूत हो गया। जहां खुशी और दुख की बात शामिल है उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है जब बड़े बुजुर्गों को परिवार के जरूरत होती है उस समय परिवार के लोग बड़े बुजुर्गों को सहारा देने से कन्नी काटते हैं वही सुख इस बात का है कि संस्था के संचालकों द्वारा वृद्धों के साथ समर्पित भाव से जो सेवा की जाती है। और अपने हमउम्र के लोगों के बीच बैठ एक दूसरे से अपने सुख और दुख को साझा करते हैं क्षेत्राधिकारी श्री पांडे ने ६५००० संस्था के सहायतार्थ नगद धनराशि प्रदान किया। उप जिलाधिकारी सौरभ कुमार शुक्ला ने कहा कि जब बड़े बुजुर्ग परिवारिक गतिविधियों से मजबूर होते हैं तभी वृद्ध आश्रम का सहारा लेना पड़ता है परिवार के लोग रोटी कपड़ा तो दे सकते हैं लेकिन उनकी खुशी को नहीं वास्तव में आश्रम की पूजा करने की जरूरत है। जहां बेसहारा लोगों की सेवा की जाती है उन्होंने संस्था की प्रबंधक से कहा कि मुझे आज पहली बार ज्ञात हुआ है कि नगर में बृद्ध सेवा आश्रम लंबे समय से संचालित है यदि संचालन में कोई समस्या आती है तो मुझे अवगत कराएं हर सम्भव मदद करूंगा। क्षेत्रीय विधायक राज करन कबीर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था के बीच आकर मैं अपने आप को धन्य मानता हूं जहां जिन बच्चों को माता-पिता बचपन में गोद में खिलाते हैं और अपना जीवन अर्पण कर देते हैं लेकिन जब उनको परिवार की जरूरत होती है तो परिवार के लोग साथ छोड़ देते हैं। आरआरटीसी अनुग्रह दिल्ली के वरिष्ठ पदाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि वृद्ध आश्रम में वृद्धों की सेवा कैसे की जाए इसके लिए कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। संस्था की प्रबंधक श्रीमती कंचन परमार ने बताया कि सबसे पहले सोसाइटी फार प्रिवेंशन आफ एल्कोहालिज्म एन्ड सब्सटेंस प्रयागराज संस्था मादक पदार्थों के सेवन करने वाले लोगों को नशा मुक्ति कराए जाने के लिए काम करती थी ।लेकिन बीते ६ वर्षों से वृद्धों की दीन दशा व बेसहारा स्थिति को देखते हुए संस्था ने इस दिशा में काम करने का बीड़ा उठाया है जिसके क्रम में अतर्रा में संचालित बृद्ध सेवाश्रम में ७ महिलाएं एवं ४० वृद्ध पुरुषों को रहने खाने और उनकी पूरी सेवा का काम किया जाता है। जिसमें कार्यक्रम निदेशक शिशुपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार व सेवादार श्रीमती किरण यादव, श्रीमती गोमती, लाखन सेन ,रामगोपाल, श्रीमती कमलेश , कुमारी आरती का सराहनीय व विशेष योगदान रहता है। इस बीच उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने वृद्ध आश्रम के रहन सहन व रखरखाव तथा भोजन आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया ।जहां सब कुछ बेहतर पाया गया कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़े बुजुर्ग व महिलाओं ने नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति कारण किया। इस दौरान प्रगतिशील युवा किसान विज्ञान शुक्ला, रामखेलावन, विकास, महेंद्र, उमाकांत, परमेश्वरी दयाल, सदानंद सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।



वृद्ध आश्रम में संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी

चतुर्वेदी की टीम ने ढाई सैकड़ा मरीजों का पंजीकरण किया। इसमें बुखार, जुकाम, खांसी

द्वारा समुचित इलाज कराया गया। वहां क्षेत्र के खरेई, निवाइच, रेहुंटा, अतरहट, अमलोर,

तत्काल पुलिस बूथ की स्थापना की जाएगी, जिससे छात्र छात्राओं को सुरक्षा मिल सके।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया अमृत महोत्सव





अतर्रा : कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक राजकरन कबीर व मौजूद लोग। *फोटो : एसएनबी*

**अतर्रा (एसएनबी)।** समाज सेवी संस्था सोसायटी फॉर प्रिवेंशन आफ एल्कोहालिज्म एंड सब्सटेंस ड्रग्स एब्यूज प्रयागराज के तत्वधान में नगर के बांदा रोड स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में आजादी के अमृत महोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजकरण कबीर विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी अतर्रा व क्षेत्राधिकारी अतर्रा उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संवासी नागरिकों के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत वरिष्ठ नागरिक ग्रह का उद्घाटन करने के बाद क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार पांडे ने कहा कि वृद्ध सेवा आश्रम में आकर मैं अभिभूत हो गया। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है जब बड़े बुजुर्गों को परिवार के जरूरत होती है। उस समय परिवार के लोग बड़े बुजुर्गों को सहारा देने से कन्नी काटते है। वही सुख इस बात का है कि संस्था के संचालकों द्वारा वृद्धों के साथ समर्पित भाव से जो सेवा की जाती है। क्षेत्रीय विधायक राजकरन कबीर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन बच्चों को मातापिता बचपन में गोद में खिलाते है और अपना जीवन अर्पण कर देते है। आरआरटीसी अनुग्रह दिल्ली के वरिष्ठ पदाधिकारी रंजीत सिंह ने बताया कि वृद्ध आश्रम में वृद्धों की सेवा कैसे की जाए।

संस्था की प्रबंधक कंचन परमारने कहा कि बृद्ध सेवाश्रम में 7 महिलाएं एवं 40 वृद्ध पुरुषों को रहने खाने और उनकी पूरी सेवा का काम किया जाता है। कार्यक्रम निदेशक शिशुपाल सिंह सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार व सेवादार किरण यादव, गोमती, लाखन सेन ,रामगोपाल, श्रीमती कमलेश , कुमारी आरती का सराहनीय व विशेष योगदान रहता है। इस बीच उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व क्षेत्रीय विधायक ने वृद्ध आश्रम के रहन सहन व रखरखाव तथा भोजन आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया। वहां सब कुछ बेहतर पाया गया।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़े बुजुर्ग व महिलाओं ने नृत्य एवं सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रगतिशील युवा किसान विज्ञान शुक्ला, रामखेलावन, विकास, महेंद्र, उमाकांत, परमे वरी दयाल, सदानंद सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ

# विधायक व एसडीएम पहुंचे वृद्धाश्रम, किया सहयोग का वादा



सरिता प्रवाह संवाददाता

**अतर्रा बांदा ।** नगर के बांदा रोड पर संचालित वृद्ध आश्रम में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया, मुख्य अतिथि नरैनी विधायक राजकरण कबीर, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी सौरभ शुक्ला, क्षेत्राधिकारी आनंद पांडेय सहित दिल्ली से आए हुए आरआरटीसी विभाग के रंजीत सिंह ने वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धों से उनका हालचाल पूछां तथा सहयोग का भरोसा दिलाया ।

आश्रम में मौजूद बुजुर्ग महिला पुरुषों ने भजन, संगीत सुना कर अतिथियों का मन मोह लिया। वृद्धों ने आश्रम में सुविधाओं की जानकारी दी तथा दिनचर्या को बताया। उनके द्वारा संस्था द्वारा मिलने वाली सुविधाओं एवं अधिकारों को भी बताया गया ।

मुख्य अतिथि सहित सभी बुजुर्ग महिलाओं पुरुषों ने आजादी दिलाने के लिए शहीद हुए अमर शहीदों को पुष्प अर्पित किया, श्रद्धांजलि दिया ।

दिल्ली से आए हुए आरआरटीसी विभाग के रंजीत सिंह ने बुजुर्ग महिला पुरुषों को उनके अधिकारों से अवगत कराया। भारत सरकार द्वारा संचालित वृद्धजन सहायता टोल फ्री नंबर 14567 की जानकारी दी। त्वरित समाधान के लिए टोल फ्री नंबर का उपयोग करने की बात बताई ।

वृद्ध आश्रम संस्था प्रबंधक कंचन सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया द्य इसके अलावा आश्रम में रह रहे 47 वृद्धजनों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दिया । कार्यक्रम में संस्था निदेशक शिशुपाल सिंह, प्रबंधक कंचन सिंह, प्रगतिशील किसान विज्ञान शुक्ला, सुरेंद्र कुमार, लखन, गोमती, किरण, आरती, रामगोपाल, सहित अन्य उपस्थित रहे ।